12. पर्यायवाची शब्द

समान अर्थ बताने वाले शब्द समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। समानार्थी शब्दों में अर्थ की समानता रहती है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ पाठ पृष्ठ 58 पर दिए चित्रों के वाक्यों को बच्चों से पढ़वाएँ। तदुपरांत प्रत्येक शब्द का एक जैसा अर्थ है, बताएँ।
- ❖ समझाएँ, भोर, सवेरा, सुबह, प्रातः इन सभी शब्दों का एक ही अर्थ है। इसी प्रकार आँख, नेत्र, नयन द्वारा भी एक ही अर्थ प्रकट होता है।
- ❖ इस प्रकार पर्यायवाची शब्द की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 59-60 पर दिए पर्यायवाची शब्दों की सूची बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ बीच-बीच में शब्दों के अर्थ भी बताते रहें।
- ❖ पाठ में बच्चों की जागरूकता जानने के लिए बीच-बीच में शब्दों के पर्यायवाची शब्द पूछें।
- ❖ सभी बच्चों को वाचन का अवसर दें।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से जानें।
- ❖ शेष अभ्यास पुस्तक में करवाएँ।